एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नोरा फतेही का न्यू बॉर्बी लुक सामने आया

काफी कम समय में ही खूबसूरत नोरा फतेही ने बॉलिवुड में अपने लिए जगह बना ली है। अपने बॉलिवुड डांस मूव्स से सारे देश के लोगों का दिल जीत चुकीं नोरा ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर रेड समर लुक शेयर किया है। इसमें वह रेड टैंक टॉप पहने नजर आ रही हैं और पिंक विग के साथ रेड लाइफगार्ड कैप लगा रखी है। उनका यह लुक बिल्कुल बार्बी डॉल की तरह लग रहा है।

हालिया तस्वीर में नोरा एक रेड-हॉट बार्बी के लुक में दिखाई दे रही हैं। इंस्टाग्राम में अपनी इस तस्वीर में नोरा एक ब्राइट रेड टैंक टॉप के साथ एक रेड कैप पहनी हुई हैं जिस पर 'लाइफगार्ड' कैप्शन लिखा हुआ है। अपने इस लुक को कंप्लीट करने के लिए एक सिर पर एक पिंक विग के साथ नोरा ने लंबे गोल्डन हूप इयररिंग्स पहने हैं, पिंक लिपस्टिक और ब्लैक शेड्स लगा रखे हैं। नोरा का यह लुक बार्बी डॉल से काफी मिलता-जुलता है। तस्वीर के कैप्शन में नोरा ने लिखा, 'क्या आप लोग नोरियाना की हॉट गर्ल समर के लिए तैयार हैं?'

बता दें कि भारतीय फिल्म में इंडस्ट्री में उन्होंने साल 2014 की फिल्म रोर के साथ डेब्यू किया। इसके बाद उन्होंने साल 2015 में क्रेजी कुक्कड़ फैमिली में काम किया। नोरा ने सबसे पहले साउथ की फिल्म टेंपर से डांस नंबर करने की शुरुआत की। फिल्म बाहुबली के एक सॉन्ग में नोरा की अपियरेंस ने सभी का ध्यान खींचा। कुछ समय पहले आई फिल्म सत्यमेव जयते', बाटला हाउस, सलमान खान की फिल्म 'भारत' में ही डांस नंबर किया है। इन सॉन्ग्स में नोरा के डांस ने काफी सुर्खियां बटोरी और वह एक जाना-माना चेहरा बन गईं।

कश्मीरा शाह ने निर्देशन के क्षेत्र में रखा कदम!

छोटे परदे पर धमाल मचाने वाली कश्मीरा शाह अब डायरेक्शन में हाथ अजमाने को तैयार हैं। द कपिल शर्मा शो के स्टार कमीडियन कृष्णा अभिषेक की पत्नी कश्मीरा एक कॉमिडी फिल्म मरने भी दो यारों के लिए पूरी तरह तैयार हैं। ऐक्ट्रेस कश्मीरा ने बताया कि इसे कॉमिडी बनाने की कोई प्लानिंग नहीं थी। चूंकि मैं फनी लिखती हूं और इस तरह मरने भी दो यारों का विचार मेरे मन में आया। वास्तव में इस फिल्म का शीर्षक हमारे छायाकार नीलाभ कौल ने सुझाया था। कश्मीरा ने सोमवार को मुंबई में फिल्म प्रचार करने के लिए मीडिया से बातचीत के दौरान अपना पहला पोस्टर लॉन्च किया। आगे कश्मीरा ने कहा कि मैं हमेशा से कॉमिडी फिल्मों की प्रशंसक रही हूं। मुझे हमेशा से ऐसी फिल्में पसंद हैं हल्की-फुल्की मनोरंजन करती हो। हालांकि, कुछ कॉमिडी फिल्में दर्शकों को सामाजिक संदेश नहीं देती हैं। हमारी फिल्म एक सूक्ष्म संदेश देती हैं। वास्तव में मैं जिस तरह की फिल्में पसंद करती हूं उसी तरह की फिल्म बनाई है। मरने भी दो यारों के कॉन्सेप्ट के बारे में बात करते हुए कश्मीरा ने कहा कि युवाओं को जीवन में इतनी आसानी से हारते देखना निराशाजनक है। चाहे वह अपनी नौकरी, प्रेम या फिर अन्य रिश्तों में हों। छोटे कारणों से वे आत्महत्या के बारे में सोचते हैं। यह गलत है। मुझे लगता है जीवन बेहद सुंदर है। कश्मीरा ने कहा कि मुझे सफलता की तुलना में असफलता ने ज्यादा सिखाया है। वह आगे कहती हैं कि असफलता जीवन का हिस्सा है। मेरी असफलताओं ने मुझे मेरी सफलताओं से ज्यादा सिखाया है। इसलिए गिरना महत्वपूर्ण है और गिरकर फिर आगे बढ़ना उतना ही महत्वपूर्ण है।

नुसरत भरूचा जब घुस गई थीं मर्दों के वॉशरूम में

नुसरत भरूचा और आयुष्मान खुराना फिल्म ड्रीम गर्ल में साथ नजर आनेवाले हैं और अपनी इस फिल्म के प्रमोशन में स्टार्स पूरी तरह जुट गए हैं। फिल्म का ट्रेलर और इसके गाने लोगों को काफी पसंद आए हैं और उम्मीद की जा रही है कि बॉक्स ऑफिस पर फिल्म को दर्शकों का भरपूर प्यार मिलेगा। फिल्म प्रमोशन के दौरान एक इवेंट में नुसरत ने अपने साथ हुई एक ऐसी घटना के बारे में बताया, जिसकी वजह से उन्हें शर्मिंदगी झेलनी पड़ी थी। उन्होंने बातचीत में बताया कि गलती से वह एक बार पुरुषों के टॉयलेट में घुस गई थीं। ऐसा इसलिए हुआ कि वह साइनबोर्ड को समझ पाने में कन्फ्यूज़ हो गई थीं। उन्होंने कहा कि कुछ रेस्ट्रॉन्ट महिलाओं और पुरुषों के टॉयलेट को दर्शाने के लिए काफी अलग तरह के आर्ट वर्क का इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने बताया कि वह साइनबोर्ड देखकर कन्फ्यूज़ हो गईं और गलत वॉशरूम में घुस गईं। ड्रीम गर्ल में नुसरत आयुष्मान की प्रमिका की भूमिका में हैं। राज शांडिल्य द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अन्नू कपूर, विजय राज और राजेश शर्मा भी हैं। यह फिल्म इसी महीने की 13 तारीख को रिलीज़ होने जा रही है।

परेश रावल की बहू के किरदार में दिखेंगी प्रीति जिंटा

ऐक्ट्रेसप्रीति जिंटा अपने छोटे ब्रेक के बाद हाल में इंडिया वापस आई हैं। अब वह अपनी अगली फिल्म साइन करने के लिए काफी उत्साहित हैं। पहले ऐसी चर्चा थी कि वह सत्ते पे सत्ता के रीमेक में एक महत्वपूर्ण किरदार में दिखाई दे सकते हैं। अब एक और खबर आ रही है कि प्रीति जिंटा आशुतोष गोवारिकर की अगली फिल्म साइन कर सकती हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रीति को आशुतोष गोवारिकर की अगली फिल्म में एक बेहद महत्वपूर्ण रोल मिला है जिसमें वह परेश रावल की बहू के किरदार में दिखाई देंगी। आशुतोष की यह फिल्म कोई हिस्टोरिकल ड्रामा नहीं बल्कि ससुर और बहू के एक क्यूट रिश्ते पर आधारित कहानी होगी। बताया जा रहा है कि अगले कुछ दिनों में इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो सकती है। आशुतोष गोवारिकर इस फिल्म को प्रड्यूस करेंगे जबकि उनके असिस्टेंट इसका डायरेक्शन करेंगे। बता दें कि इससे पहले प्रीति जिंटा फिल्म भैयाजी सुपरहिट में सनी देओल और अमीषा पटेल के साथ दिखाई दी थीं।